सांवरिया को अपना बनाकर तो देखो। by Niranjan Acharya

मंदिर के अंदर जिन्हे तुमने देखा
उन्हें मन के अंदर बिठाकर तो देखो
दुनिया को अपना बनाकर तो देखा
सांवरिया को अपना बनाकर तो देखो
मंदिर के अंदर.....

तेरी पल में झोली ये भर देंगे बाबा
दु:ख दर्द ज़िन्दगी के हर लेंगे बाबा
मिलेगा तुम्हे भी इन्ही से सहारा
चौखट पे दामन फैला कर तो देखो
मंदिर के अंदर.....

बिगाड़ेगा क्या तुम्हारा दुखो का समंदर
हारे के सहारे हैं मेरे श्याम सुन्दर
बदल देंगे तक़दीर पल में तुम्हारी
चरणों में सर को झुका कर तो देखो
मंदिर के अंदर.....

अवध में धनुष बाण धारे हुए हैं
वहीँ वृन्दावन में बंसी बजाते
वही राजेश्वर हैं यही श्याम बाबा
पर्दा भरम का हटा कर तो देखो
मंदिर के अंदर.....

https://bhaktivandana.com/lyrics/%e0%a4%b8%e0%a4%be%e0%a4%82%e0%a4%b5%e0%a4%b0%e0%a4%bf%e0%a4%af%e0%a4%be-%e0%a4%95%e0%a5%8b-%e0%a4%85%e0%a4%aa%e0%a4%a8%e0%a4%be-%e0%a4%ac%e0%a4%a8%e0%a4%be%e0%a4%95%e0%a4%b0-%e0%a4%a4%e0%a5%8b/